2021

HINDI — HONOURS

Paper : CC-11

(Hindi Natak evam Ekanki)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिएः 2×10

(क) 'अंधेर नगरी' किस विधा की रचना है तथा उसका मुख्य पात्र कौन है?

(ख) 'भोर का तारा' एकांकी का प्रकाशन वर्ष तथा गुप्त साम्राज्य की राजधानी का नाम बताइए।

(ग) 'और वह जा न सकी' के रचनाकार का नाम तथा किसी एक पात्र का नाम बताइए।

(घ) 'भोर का तारा' एकांकी में किसके आक्रमण की बात कही गई है? उसके आक्रमण से कौन वीरगति को प्राप्त होता है?

(ङ) 'स्कंदगुप्त' नाटक का नायक कौन है तथा वह कहाँ का सम्राट है?

(च) 'माधवी' नाटक के किन्हीं दो पात्रों के नाम लिखिए।

(छ) विषकन्या संदेश किसके माध्यम से और किस पर लिखकर भेजती है?

(ज) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में इतिहास के किस काल की कथा है तथा किस संस्था द्वारा उसे सर्वश्रेष्ठ नाटक का पुरस्कार मिला?

(झ) कालिदास किस नाटक का पात्र है? उसकी प्रेयसी कौन थी?

(ञ) रामकुमार वर्मा के किन्हीं दो एकांकियों के नाम बताइए।

2. किन्हीं **तीन** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) 'अंधेर नगरी' व्यंग्य प्रधान प्रहसन है – टिप्पणी लिखिए।

(ख) कालिदास का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) 'विषकन्या' एकांकी की सोद्देश्यता पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'औरंगजेब की आखिरी रात' के किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ) 'माधवी' नाटक के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'अंधेर नगरी' नाटक की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

(ख) 'माधवी' नाटक में व्यक्त विद्रोही चेतना की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'स्कन्दगुप्त' नाटक की देवसेना एक निश्छल, पावन और आदर्श प्रेमिका है– सिद्ध कीजिए।

(घ) एकांकी के तत्त्वों के आधार पर विषकन्या की समीक्षा कीजिए।

(ङ) 'और वह जा न सकी' में व्यक्त आधुनिक बोध की सोदाहरण विवेचना कीजिए।